7. Any Query or grievance connected with the remote e-voting may be addressed to the Company Secretary of the Company at E-mail svamsoftwareltd@gmail.com or you may refer the Frequently Asked Questions (FAQs) for Members and remote e-voting user manual for Members available at the download section of www.evoting.nsdl.com or call on toll free no.: 1800-222-990 for any further clarification.

For, **Svam Agritech Limited,**
(Formerly known as Svam Software Limited)
Harish Kumar Sharma • Managing Director - DIN: 10785775

Place : Indore
Date : 8th September, 2026

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that the constitution of **M/s. T D AGRO** has been changed pursuant to a Supplementary Partnership Deed dated **19.01.2026.**
With effect from **19.01.2026, Mr. Dinesh Kumar and Mrs. Rajinder Kaur** have retired from the partnership, and **M/s. City Lifeline Travels Private Limited and Mr. Gurpal Singh Dhamija** have been admitted as Partners of the Firm.
Notice is further given that the Registered Office of the Firm has been shifted as under:
Old Registered Office: WZ-181A, Second Floor, Lane No. 11, Shiv Nagar, Janakpuri, B-2 Block, New Delhi -110058
New Registered Office: 8644 & 8669, Roshanara Road, Delhi -110007
All persons concerned are requested to take note of the above changes. Any person having any objection or claim in respect of the aforesaid changes may contact the Firm at its Registered Office or on Mobile No. 9350618101 within **7 days** from the date of publication of this notice.

For M/s. T D AGRO
Sd/-
Partner

The Pioneer Classified

CHANGE OF NAME

I, hitherto known as Jag Prasad Alias Jag Prasad Yadav S/o Late Dharam Raj Yadav R/O Q. NO. 361, Type-2, Sector-4, Timarpur, Civil Lines, North Delhi, Delhi-110054 have changed my name and shall hereafter be known as Jag Prasad Yadav.

I, Syed Atalib Raza Zaidi S/o Late Shahid Hussain Zaidi R/O H.No. 34/160, Block No. 34, Trilokpuri, Chilla Saroda Khadar, East Delhi, Delhi-110091 declare that name of name of my mine has been wrongly written as S.A. Raza Zaidi in my Service Records. The actual name of mine is Syed Atalib Raza Zaidi, which may be amended accordingly.

धूल रोकने के लिए सड़कों पर उतरेंगी 200 एंटी-स्मॉग गन

सर्दियों में 8 हजार लीटर पानी वाली गाड़ियों से होगा छिड़काव

- प्रदूषण संबंधी जानकारी भी दिखेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्दियों में दिल्ली की सड़कों पर उठने वाली धूल को नियंत्रित करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) करीब 200 ट्रक-माउंटेड एंटी-स्मॉग गन सड़कों पर उतारने की तैयारी कर रहा है। इन गाड़ियों के जरिए प्रमुख सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के साथ सड़क और पेड़ों की धुलाई भी की जाएगी। अलग-अलग सड़क मंडलों में जरूरत के हिसाब से इनकी तैनाती की जाएगी। योजना के तहत सेंट्रल और नई दिल्ली रोड डिवीजन में 10, एसआरडी में आठ, नॉर्थ-वेस्ट रोड डिवीजन-2 में 10 और नॉर्थ-वेस्ट रोड डिवीजन-1 में 19 गाड़ियां चलाने की तैयारी है। इनके अलावा दूसरे सड़क मंडलों में भी कम संख्या में एंटी-स्मॉग गन तैनात की जाएंगी। इस तरह पूरी व्यवस्था में करीब 200 गाड़ियां शामिल होंगी। पीडब्ल्यूडी के अनुसार, इन गाड़ियों में कम से कम 8,000 लीटर क्षमता का पानी का टैंकर होगा। एंटी-स्मॉग गन को ट्रक पर लगाया जाएगा और इससे कम से कम 30 मीटर की दूरी तक पानी की महीन फुहार छोड़ी जा सकेगी। गाड़ियों में आगे और पीछे कैमरे तथा जीपीएस की सुविधा भी होगी। एक गाड़ी में चालक के अलावा एक ऑपरेटर और एक सहायक की व्यवस्था रहेगी। इन गाड़ियों से आठ घंटे की पाली में कम से कम दो चक्कर लगाने होंगे। जरूरत के अनुसार सड़क की धुलाई और पेड़ों पर भी पानी का छिड़काव किया जाएगा। परियोजना के अनुसार इन पर पीएम-2.5, पीएम-10 और अन्य प्रदूषकों की वास्तविक समय की जानकारी भी प्रदर्शित करने की व्यवस्था होगी।

ट्रायर धुलाई के बाद लैंडफिल से बाहर निकलेंगे वाहन

नई दिल्ली। राजधानी में वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बड़ा कदम उठाया है। अब गाजीपुर, ओखला और भलस्वा लैंडफिल साइट से कूड़ा डालकर बाहर निकलने वाली गाड़ियां पूरी तरह धुलने के बाद ही सड़क पर आ सकेंगी। इसके लिए तीनों साइटों पर स्वचालित व्हील वॉश सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके लिए निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। लैंडफिल साइट पर कूड़ा डालने के दौरान वाहनों के टायरों में भारी गंदगी और कीचड़ जम जाता है। बिना धुले जब ये गाड़ियां बाहर निकलती हैं तो जिन रास्तों से गुजरती हैं, वहां टायरों से गंदगी फैलती रहती है। यह गंदगी सूखने के बाद हवा के साथ उड़कर धूल कणों के रूप में वायु प्रदूषण बढ़ाती है, जिससे आसपास के लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। दिल्ली नगर निगम के मुताबिक, दिल्ली के इन तीनों प्रमुख लैंडफिल साइटों पर रोजाना तीन हजार मीट्रिक टन से अधिक कूड़ा पहुंचाया जाता है, जबकि पूरी दिल्ली से प्रतिदिन लगभग 11 हजार मीट्रिक टन से अधिक ठोस कचरा निकलता है।

आरटीआई की जवाब नहीं दिया, फायर ऑफिसर के खिलाफ जमानती वारंट जारी

गुरुग्राम। एक आरटीआई का जवाब के मामले में गुरुग्राम के सीनियर फायर ऑफिसर के खिलाफ हरियाणा सूचना आयोग ने जमानती वारंट जारी किया है। मामले की सुनवाई में फायर ऑफिसर के सुनवाई में अनुपस्थित रहने को आयोग ने आरटीआई एक्ट का जान-बूझकर उल्लंघन माना है। जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता हरिंद्र ढींगड़ा ने 16 मीटर से ऊंची इमारतों को दी गई फायर एनओसी को लेकर फायर ब्रिगेड कार्यालय में आरटीआई लगाई थी। आरटीआई कार्यकर्ता ने फायर एनओसी की अनदेखी पर लागू कानून, नियम, बाय-लॉज, सर्कुलर और दंड/जुमार्ने के प्रावधानों की प्रमाणित कॉपी और मिनी सचिवालय, पुलिस कमिश्नर कार्यालय सोहना चौक, नगर निगम, हुडा प्रशासक कार्यालय, नगर एवं ग्राम नियोजन निदेशालय, जिला कोर्ट, एचएसआईआईडीसी और कादरपुर सीआरपीएफ कैंप परिसर जैसे प्रमुख सरकारी परिसरों को हरियाणा फायर सर्विसेज एक्ट के तहत जारी नोटिस, फाइल, नोटशीट और कार्रवाई की कॉपियां मांगी थी। फायर ऑफिसर ने न तो जानकारी दी और न ही हरियाणा सूचना आयोग के सामने पेश हुए। आयोग ने पुलिस कमिश्नर के माध्यम से वारंट भेजकर एक अक्टूबर 2026 को उपस्थिति सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

घर से लाखों की चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, 6.80 लाख रुपये बरामद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पल्ला क्षेत्र में बंद मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने गिरफ्तार कर 6.80 लाख रुपये बरामद किए हैं। आरोपियों की पहचान अलीगढ़ निवासी रहीश और शकील के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पल्ला क्षेत्र की करीब 12 चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार सरस्वती कॉलोनी निवासी महिला अमरनाथ यात्रा पर गई थी। 11 अगस्त को लौटने पर घर से आभूषण और करीब डेढ़ लाख रुपये नकदी चोरी मिली। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी बंद मकानों की रेकी कर चोरी करते थे और वारदात के बाद अलीगढ़ भाग जाते थे। मामला शांत होने पर दोबारा फरीदाबाद आकर नई वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रहीश से 3.50 लाख और शकील से 3.30 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

पानी का बिल भरने के नाम पर भेजी एपीके फाइल, खाते से उड़ाए 15.34 लाख रुपये

फरीदाबाद। पानी का बिल भरने के नाम पर मोबाइल फोन पर एपीके फाइल भेजकर स्कूल के बैंक खाते से 15.34 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान अमित, अंकुल और सचिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दिसंबर 2025 में स्कूल के खाते से लगातार ऑनलाइन लेनदेन कर कुल 15,34,699 रुपये निकाल लिए गए थे। खाते से जुड़े मोबाइल नंबर पर लगातार ओटीपी और पैसे कटने के संदेश आने के बाद ठगी का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि साइबर ठगों ने पानी का बिल जमा कराने के बहाने एपीके फाइल भेजकर मोबाइल फोन तक पहुंच बनाई। प्रारंभिक जांच में अंकुल और सचिन के माध्यम से एक वॉलेट खाते में ठगी के दो लाख रुपये पहुंचने की जानकारी मिली, जबकि अमित के खाते में भी दो लाख रुपये प्राप्त हुए थे। पुलिस ने अंकुल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, जबकि अमित और सचिन को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

ग्लासगो 2026 में शामिल पैरा चैंपियंस सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ग3लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाते हुए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने भारतीय पैरालंपिक समिति पीसीआई के साथ मिलकर सात पदक विजेता पैरा खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारत ने इन खेलों में 3 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 7 पदक जीते हैं।

नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में एसबीआई लाइफ के एमडी एवं सीईओ अमित झिंगरन और पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने विजेताओं को सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों में शर्मिला ढांकर स्वर्ण, महिला गोला फेंक एफ57, दिलीप महादू गावित स्वर्ण, पुरुष 100 मीटर टी 47, सोमन राणा स्वर्ण, पुरुष गोला फेंक एफ57, मोहम्मद बेसिल मोसिंगनकथ रजत, 100 मीटर टी47, शुभम जुयाल रजत, गोला फेंक एफ 57, शिल्पा शायला कांस्य, महिला गोला फेंक एफ 57 और झंडू कुमार कांस्य, हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग शामिल हैं। इस अवसर पर अमित झिंगरन ने कहा, हमारे पैरा खिलाड़ियों की कहानियां दुनिया तक पहुंचनी चाहिए। जब कोई पैरा खिलाड़ी जीतता है, तो वह पूरे समाज की जीत होती है। यह हमारे राष्ट्र की समावेशी संस्कृति का प्रतीक है। हम इन्हें सिर्फ पदकों के लिए नहीं, बल्कि उत्कृष्टता के जज्बे के लिए सम्मानित कर रहे हैं।पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा, हर पदक के पीछे दृढ़ संकल्प और त्याग की लंबी यात्रा होती है।

15 वर्षीय किशोर ने पेश की मिसाल

- ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के लिए एआई आधारित पहनने योग्य बनाया डिवाइस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लगभग एक साल पहले, विदित भयाना की क्लास में ऑटिज्म स्पेक्ट्रम वाले दो बच्चों को अचानक बहुत ज्यादा परेशानी या बेचैनी आउटबर्स्ट महसूस हुई। क्लास के बाकी बच्चों को समझ नहीं आया कि क्या करें। विदित इस बारे में लगातार सोचते रहे। क्या होता अगर टीचर को पता चल जाता कि बच्चा बहुत ज्यादा परेशान हो रहा है? क्या होता अगर स्थिति को संभालने, उसे शांत करने और बच्चे को क्लास का हिस्सा बनाए रखने के लिए काफी समय मिल जाता? इन्हीं सवालों ने विदित को वीबी सेनाक्वार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। यह कम कीमत वाला, एआई -पावर्ड पहनने योग्य डिवाइस है, जिसे ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर वाले बच्चों में सेंसरी मेल्टडाउन अत्यधिक संवेदी तनाव या बेचैनी होने से पहले ही उसका पता लगाने के लिए डिजाइन किया गया है। विदित अब सैमसंग के प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम सॉल्व फॉर टुमॉरो के टॉप 40 युवा इनोवेटर्स में शामिल हैं। यह प्रोग्राम युवाओं को अपने आस-पास की समस्याओं को ऐसे समाधानों में बदलने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिनसे समाज पर सार्थक प्रभाव पड़ सके। ऑटिज्म वाले बच्चों के लिए, सेंसरी ओवरलोड इंद्रियों पर बहुत ज्यादा दबाव बहुत मुश्किल स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे कभी-कभी मेल्टडाउन भावनात्मक या व्यवहार संबंधी संकट की स्थिति बन जाती है। अक्सर इन एपिसोड्स का पता तब चलता है जब वे शुरू हो चुके होते हैं।

बल्लभगढ़ के पांच सेक्टरों के एंट्री प्वाइंट रात में हाई मास्ट लाइटों से होंगे रोशन

फरीदाबाद। शहर के सेक्टरों के मुख्य एंट्री प्वाइंट अब रात के समय रोशनी से जगमगाते नजर आएंगे। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने बल्लभगढ़ क्षेत्र के पांच सेक्टरों के मुख्य प्रवेश मार्गों पर हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना तैयार की है। एंट्री प्वाइंट के साथ संबंधित सेक्टरों के कम्युनिटी सेंटर में भी ये लाइटें लगाई जाएंगी। योजना के तहत सेक्टर-2, 62, 64, 65 और 56-56ए में 12.5 मीटर ऊंचे पिलर पर 200 वाट की एलईडी फ्लड लाइटें लगाई जाएंगी। इनकी रोशनी दूर तक फैलने से एंट्री प्वाइंट और आसपास की सड़कें रात में बेहतर रोशन रहेंगी।

LOST & FOUND
I, Anil Kumar Agnihotri, S/o H.P. Agnihotri, R/o 3/2, IInd Floor (Front), Near Metro Station, East Patel Nagar, New Delhi-110008, have misplaced/lost the original documents relating to my DDA property: Application No. 164272 | Priority No. 24878 Rohini Residential Scheme | Plot Category: LIG Plot No. 382, Pocket A-2, Block No._, Sector-35, measuring 32.000 sq. mtrs. Anyone finding the above documents or having any information may contact the undersigned.
Anil Kumar Agnihotri
Mob.: 7042529227

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल रमजानी खां पुत्र स्व रहीम बक्श एवं रुकसाना पत्नी रमजानी निवासी- म० न०-F-208, गली न०-27, पुराना मुस्तफाबाद, नार्थ ईस्ट, दिल्ली-94 द्वारा अपनी पुत्री इल्मा उर्फ खुशी को उनके गलत आचरण व दुर्व्यवहारों एवं अवज्ञाकारिता के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उनसे अपने समस्त प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इल्मा उर्फ खुशी के किसी भी कृत्य के लिए वो स्वयं जिम्मेदार है।
एड० मो० जुनेद मलिक

PUBLIC NOTICE
Be it known to all concerned that my client Smt. Pinki Bhalla (UID: 3020-3051-1286) W/o Sh. Aswani Kumar R/o B-1586, Shastri Nagar, Delhi-110052, being one of the legal heirs of Late Sh. Shanti Saroop Puri, with her free will/wish & with out any pressure, force, compulsion or coercion from others, does hereby declare that she or her legal heirs shall have no right, interest, any claim or any demand in respect of Entire First Floor, Second Floor & Third Floor with its roof/terrace/sky rights of freehold built-up Property bearing Municipal No.B-1586/2, area measuring 43½ sq. yds., alongwith undivided 3/4th parking rights in the stilt and undivided proportionate share in the land underneath, situated at Shastri Nagar, Delhi-110052.
SANJAY AGGARWAL (Advocate)
Ch.No. 25, Old Court, Kashmere Gate, Delhi-6

रुंगटा इरिगेशन लिमिटेड
SYMBOL OF QUALITY
पंजीकृत एवं मुख्य कार्यालय:
101, प्रगति टावर, 26, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन: 011-40453332 | ई-मेल: cs@rungtairrigation.in,
वेबसाइट: www.rungtairrigation.in
सीआईएन: एल74899डीएल1986पीएलसी023934,
भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैट अनुरोधों के पुनः प्रस्तुतिकरण हेतु विशेष विंडो
SEBI के परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसरण में, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए विशेष विंडो खोली गई है। इसका उद्देश्य उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण की सुविधा प्रदान करना है, जिन्हें 1 अप्रैल, 2019 से पहले खरीदा या बेचा गया था।
उक्त विशेष विंडो ऐसे हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध होगी, जिन्हें पूर्व में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी अथवा अन्य किसी कारण से अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था या जिन पर कार्रवाई नहीं की गई थी।
इस विशेष विंडो के अंतर्गत केवल वे अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे, जिनके साथ मूल शेयर प्रमाण-पत्र, हस्तांतरण विलेख (Transfer Deeds) तथा संबंधित आवश्यक सहायक दस्तावेज संलग्न होंगे।
इस प्रक्रिया के अंतर्गत हस्तांतरित प्रतिभूतियों को अनिवार्य रूप से केवल हस्तांतरणग्राही (Transferee) के डीमैट खाते में जमा किया जाएगा तथा हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन में रखा जाएगा। उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान ऐसी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण/लियन मार्क/गिरवी (Pledge) नहीं किया जा सकेगा।
पात्र शेयरधारक अपने हस्तांतरण अनुरोध के साथ आवश्यक दस्तावेज कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (RTA), BEETAL Financial & Computer Services Pvt. Ltd. को निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं: BEETAL HOUSE, तृतीय तल, 99, मदनगीर, LSC के पीछे, नई दिल्ली-110062, ई-मेल: beetalrta@gmail.com, दूरभाष: 011-42959000-09.
रुंगटा इरिगेशन लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
रेखा राठौर
दिनांक: 08.09.2026
स्थान: नई दिल्ली
कंपनी सचिव | ACS 16433

सार्वजनिक सूचना
एतद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैसर्स ओकस गंगा एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, एक कंपनी जिसका सीआईएन U10617DL2024PTC434642 है तथा जिसका पंजीकृत कार्यालय B-37, A-विंग, 1st फ्लोर, लॉरेंस रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, केशव पुरम, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली-110035 में स्थित है ('कंपनी'), द्वारा दैनिक 'पायनियर', नई दिल्ली के दिनांक 4 सितंबर, 2026 के अंक में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के संदर्भ में यह शुद्धिपत्र/परिशिष्ट सूचना प्रकाशित की जा रही है।
उक्त सूचना की संलग्न अनुसूची में उल्लिखित प्रविष्टियों में से एक प्रविष्टि, जिसमें विक्रय विलेख, खसरा संख्या 266, क्षेत्रफल 1 बीघा 3 बिसवा, प्रथम पक्ष (विक्रेता) राजे पुत्र निहाल तथा द्वितीय पक्ष (क्रेता) ओम प्रकाश ओमी पुत्र/पुत्री निहाला के संबंध में दर्ज है, उसमें खसरा संख्या '266' के स्थान पर सही खसरा संख्या '246' पढ़ा जाए।
दिनांक 4 सितंबर, 2026 की मूल सार्वजनिक सूचना में उल्लिखित शेष सभी तथ्य, विवरण एवं शर्तें यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।
किसी भी जानकारी के लिए, कृपया sunil.goyal@okasganga.com से संपर्क करें।

सार्वजनिक सूचना
एतद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि फ्रीहोल्ड पूरा ग्राउंड फ्लोर प्लॉट संख्या V-7, ग्रीन पार्क (मेन), नई दिल्ली-110016, जिसका क्षेत्रफल 200 वर्ग गज है, और साथ ही उस प्लॉट में 22.5% का अविभाजित और अलग न किया जा सकने वाला मालिकाना हक, वर्तमान में श्रीमती साक्षी मेंदीरत्ता के स्वामित्व में विक्रय विलेख संख्या 2024/7/1/1426, दिनांक-26.02.2024 के अनुसार विधिवत पंजीकृत है, और इसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा: होम लोन सेंटर, होम लोन सेंटर, सेंट्रल, थापर हाउस, जनपथ, नई दिल्ली के पास सुरक्षा के रूप में प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है और वर्तमान स्वामी / स्वामित्वकर्ताओं के अनुसार उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार से मुक्त है।
एतद्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति और/या बैंक, वसीयत का लाभार्थी, HUF / HUF का सदस्य, वित्तीय संस्थान का कोई भी दावा करने वाला लाभार्थी, किसी भी आरोप, ब्याज या ग्रहणाधिकार या दावे और / या उस पर आपत्ति है, तो वह इस सार्वजनिक नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर दस्तावेजी सबूत / अदालत के फैसले के साथ अधोहस्ताक्षरी को इसकी सूचना दे सकता है। ऐसा न करने पर किसी भी आगे/भविष्य के दावे/आपत्तियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा और मेरे ग्राहक / संभावित खरीदार (ओं) को एक वास्तविक खरीदार के रूप में मेरे ग्राहक/संभावित खरीदार (ओं) उसके पक्ष में या उसके । उनके नामांकित व्यक्ति को / पर प्रस्तावित बिक्री विलेख का निष्पादित कर दिया जायेगा और प्रस्तावित बिक्री विलेख बिना किसी दोष, भार, दोष और बाधा के स्पष्ट और विपणन योग्य माना जाएगा।
सत्येंद्र यादव (अधिवक्ता)
चैंबर नंबर 561, 5वीं मंजिल, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
मोबाइल-9711212421, ईमेल: satender175@gmail.com

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that Mr. Sumit Soni had acquired Entire Third floor with terrace rights on Property no. 31, Block E, measuring 200 Sq. yds situated at Greater Kailash Enclave Part-II, New Delhi 110048 vide Sale Deed dt. 24.10.2024 executed by Mr. Rahul Sharma. Orignal Sale deed dated 06.09.2012 executed in favour of Mr.Ram Kumar Soni is Lost and an online NCR dt.03.12.2024 also filed in this regard. Now Mr. Sumit Soni is the undisputed owner of above said property and willing to Mortgage the above said property with CIFCL.
OR
Any person / firm / institution / company having any claim or right in respect of the said Property by way of inheritance, share, sale, agreement, lease, license, gift, possession, legal heirs, partners or encumbrance howsoever or otherwise is hereby required to intimate in writing to the undersigned within 07 days from the date of publication of this notice of his/her/their share or claim, if any, with all supporting documents at below mentioned address. After expiration of notice period, the claims, if any, of such person shall be treated null and void and also treated as waived and not binding on our client.
Ajay Kumar Giri (Advocate) H No. 26/161, Basement, Vikram Vihar, Lajpat Nagar 4, New Delhi -110024

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीना चौहान पत्नी श्री दिनेश चौहान का आशय आवासीय प्लॉट संख्या C-72/1, लोअर ग्राउंड फ्लोर, क्षेत्रफल 36.78 वर्ग मीटर, प्लॉट संख्या C-72, खसरा संख्या 1145 में निर्मित, स्थित हिन्दोन यमुना सहकारी आवास समिति लिमिटेड, कॉलोनी हिन्दोन विहार, ग्राम बरौला, तहसील दादरी, जनपद गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, को श्रीमती रेनू कपूर पत्नी श्री सुशील कपूर से क्रय करने का आशय रखती हैं। यह कि श्रीमती रेनू कपूर पत्नी श्री सुशील कपूर ने उक्त संपत्ति श्रीमती सलमा पत्नी श्री सुल्तान खान से विक्रय विलेख दिनांक 18.09.2012 (दस्तावेज संख्या 6218) के माध्यम से प्राप्त की थी। स्वावित क्रेता श्रीमती मीना चौहान उक्त संपत्ति को शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से प्राप्त की जाने वाली वित्तीय सहायता के लिए प्रतिभूति के रूप में बंधक रखना चाहती हैं। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति से संबंधित मूल विक्रय विलेख दिनांक 29.07.2009 (दस्तावेज संख्या 5217) एवं मूल विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2011 (दस्तावेज संख्या 4963) खो गए हैं तथा विक्रेता के पास उपलब्ध नहीं हैं। अतः यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों को उक्त संपत्ति के स्वामित्व, अधिकार, हक, हित अथवा उक्त संपत्ति पर बंधक सूचित किए जाने के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति, दावा या अधिकार है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में सूचित करें। निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा दावा नहीं है।
NCR LAW ASSOCIATES, Advocate & Consultants, A-98, Sector-09, New Vijay Nagar, Ghaziabad, U.P-201009, Mob. Nos. 9999721152/ 9999826427

सार्वजनिक सूचना
श्री कुणाल नागर की ओर से आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि श्री कुणाल नागर ने आवासीय प्लॉट क्षेत्रफल 90 वर्ग गज, खसरा संख्या 702, गांव रोजा जलालपुर, परगना और तहसील दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश को श्रीमती माहेश्वरी श्रीवास्तव से खरीद रहे हैं। जो श्रीमती आरती द्वारा निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 18.12.2024 (दस्तावेज संख्या 67479) के ज़रिए इसकी मालिक बनीं। अब इस संपत्ति को आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, नोएडा द्वारा वित्तपोषित और बंधक किया जाना है। यह कि, श्री रतिराम द्वारा श्रीमती आरती के पक्ष में निष्पादित मूल बिक्री विलेख दिनांक 21.04.2014, दस्तावेज संख्या 7596, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 6759, पेज 29–44, दिनांक 21.04.2014, उप पंजीयक कार्यालय–दादरी के अनुसार था, जो खो गया है/गुम हो गया है। इसलिए, बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 15 दिनों के भीतर, अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है।
बी–93बी, द्वितीय तल, एसबीआई बैंक के सामने, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी–201301, संपर्क #0120-4269379

PUBLIC NOTICE
I, Chander Pal, S/o Ramji Lal, aged about 70 years, resident of A-282/1, Gali no.2, Amar Puri aram nagar, Nabi Karim,Swami Ram Tirth Nagar S.O. ,Central Delhi, Delhi- 110055, do hereby declare that my elder son, Om Prakash, has been debarred/disowned by me from my family and from any concern with my self-acquired movable and immovable properties due to his conduct and behavior, which has caused me serious mental distress. I further declare that I shall not be responsible for any act, omission, loan, debt, financial transaction, liability, or obligation incurred by my said son from the date of publication of this notice. Any person dealing with him shall do so entirely at their own risk, cost, and consequences.
The general public is hereby informed that my son has no authority to represent me, act on my behalf, or create any right, title, interest, charge, or encumbrance in respect of my self-acquired properties or assets.
Aradhna Pandey (Advocate) C-88, Chinyot Basti, Pahar Ganj, New Delhi-110055

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एम/एस टी डी एग्रो (M/s. T D AGRO) के साझेदारी फर्म के गठन (Constitution) में दिनांक 19.01.2026 की अनुपूरक साझेदारी विलेख (Supplementary Partnership Deed) के अनुसार परिवर्तन किया गया है।
दिनांक 19.01.2026 से श्री दिनेश कुमार एवं श्रीमती राजिंदर कौर फर्म की साझेदारी से सेवानिवृत्त (Retire) हो गए हैं तथा एम/एस सिटी लाइफलाइन ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड (M/s. City Lifeline Travels Private Limited) एवं श्री गुरपाल सिंह धमीजा को फर्म का नया साझेदार (Partner) बनाया गया है।
यह भी सूचित किया जाता है कि फर्म का पंजीकृत कार्यालय (Registered Office) निम्नानुसार परिवर्तित किया गया है-
पुराना पंजीकृत कार्यालय: डब्ल्यूज़ेड-181ए, द्वितीय तल, गली नं. 11, शिव नगर, बी-2 ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058
नया पंजीकृत कार्यालय: 8644 एवं 8669, रोशनआरा रोड, दिल्ली – 110007
सभी संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध है कि उपर्युक्त परिवर्तनों का संज्ञान लें। यदि किसी व्यक्ति को उक्त परिवर्तनों के संबंध में कोई आपत्ति अथवा दावा हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिनों के भीतर फर्म के पंजीकृत कार्यालय पर अथवा मोबाइल नंबर 9350618101 पर संपर्क कर सकता/सकती है।
एम/एस टी डी एग्रो (M/s. T D AGRO)
हस्ताक्षरित/-
साझेदार (Partner)

एविएंस बायोमेडिकल्स लिमिटेड
(पूर्व में एविएंस बायोमेडिकल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय: सी-11, सी-ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, जनकपुरी, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110058, भारत
सीआईएन: एल74999डीएल2019पीएलसी359158 | वेबसाइट: www.avienbio.com
दूरभाष: 011-46074944, 18001204636 | ई-मेल: info@avienbio.com
07वीं वार्षिक आम बैठक एवं रिमोट ई-वोटिंग
एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एविएंस बायोमेडिकल्स लिमिटेड (पूर्व में एविएंस बायोमेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (CIN: L74999DL2019PLC359158) के सदस्यों की सातवीं वार्षिक आम बैठक (AGM) बुधवार, 30 सितंबर, 2026 को प्रातः 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC)/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम (OAVM) के द्वारा आयोजित की जाएगी, जिसमें उन कार्यों को संपादित किया जाएगा जो AGM की सूचना में उल्लिखित हैं तथा जो सदस्यों को AGM आयोजित करने हेतु प्रसारित की गई है।
कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (MCA) ने दिनांक 5 मई, 2020 के परिपत्र तथा दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 28 सितंबर, 2020, 31 दिसंबर, 2020, 23 जून, 2021, 25 सितंबर, 2023, 19 सितंबर, 2024 के परिपत्रों तथा नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 (सामूहिक रूप से 'MCA परिपत्र') और SEBI के परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/PoD-w/P/CIR/2023/4 दिनांक 5 जनवरी, 2023 के माध्यम से कॉरपोरेट संस्थाओं को कुछ छूट प्रदान की है तथा सदस्यों की किसी सामान्य बैठक स्थल पर भौतिक उपस्थिति के बिना VC/OAVM के माध्यम से AGM आयोजित करने की अनुमति प्रदान की है। AGM का आयोजन कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय और SEBI द्वारा जारी परिपत्रों के अनुरूप किया जाएगा।
लागू परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2025-2026 की AGM की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट दिनांक 8 सितंबर, 2026 को उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी गई है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत हैं। AGM की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.avienbio.com, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com तथा CDSL की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त, Listing Regulations के विनियम 36(1)(b) के अनुसार, जिन शेयरधारकों की ई-मेल आईडी RTA/DP के पास पंजीकृत नहीं है, उन्हें एक सूचना भेजी जाएगी, जिसमें कंपनी की वेबसाइट का वेब लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जहां से वित्तीय वर्ष 2025-2026 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त की जा सकती है।
अधिनियम की धारा 108 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार, AGM में किए जाने वाले कार्यों को रिमोट ई-वोटिंग (AGM से पूर्व) तथा बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से संपादित किया जाएगा। रिमोट ई-वोटिंग, AGM में भाग लेने/जुड़ने तथा AGM के दौरान ई-वोटिंग से संबंधित निर्देश AGM की सूचना में उपलब्ध कराए गए हैं। कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए सेंट्र